# पुलिस और स्वास्थ्य कर्मियों को दिया मॉस्क व सेनेटाइजर



भास्कर न्यूज़, नारायणगंज|

प्रदान के द्वारा कोरोना वैश्विक महामारी के खिलाफ चल रही जंग में भूमिका निभा रहे योद्धाओं को सर्जरिकल मॉस्क, मैग्नेटिक मॉस्क, सेनेटाइजर और हाथ ग्लब्ज प्रदान किया गया। जनपद पंचायत और तहसील कार्यालय तथा पुलिस थाना, मीडियाकर्मी और स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में जाकर कार्यकर्ताओं के बीच सुरक्षा उपकरण का वितरण किया गया। प्रदान संस्था द्वारा जनपद के सभी पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक, आगनबाड़ी कार्यकर्ता, पटवारी, आशा कार्यकर्ता और कोटवार के लिए इस तरह के उपकरण उपलब्ध कराये जा रहे है। जनपद सीईओ वत्सला शिवहर, तहसीलदार देवीप्रसाद चक्रवर्ती, सुश्री आकांक्षा उपाध्याय और चिकित्सा अधिकारी अमृतलाल कोल, अभिषेक पचोरी, राजेंद्र स्वामी, सुबोध वर्मा और काव्य राव उपस्थित रहे।